प्रेषक,

दिनेश प्रताप सिंह,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–25,
आगरा।

सेवा में,

महानिबंधक,
माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय,
प्रयागराज।

द्वारा,

जनपद न्यायाधीश, आगरा।

विषय– C.L. No.- 10/Admin. (Services)/2020, Dated September 17, 2020 के अनुक्रम में स्थानांतरण के संबंध में ।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि वार्षिक स्थानांतरण, 2020 के अंतर्गत मार्च, 2020 में मेरा स्थानांतरण होना था क्योंकि जनपद आगरा में मेरा कार्यकाल पूर्ण हो चुका है किंतु कोविड–19 महामारी के प्रसार के दृष्टिगत माननीय उच्च न्यायालय द्वारा वार्षिक स्थानांतरण नीति के अंतर्गत सत्र शून्य घोषित किया गया था।

सादर अवगत कराना है कि मेरी पत्नी श्रीमती संध्या सिंह Stroke/Acute Ischaemic Stroke with Left MCA Infarct with Bronchus Asphyxia से ग्रस्त हैं, जिनका उपचार Artemis Hospital, Gurugram के निदेशन में, सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज, आगरा से डॉक्टर पी0के0 माहेश्वरी द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मेरी पत्नी को Pace Maker भी लग चुका है।

यह भी अवगत कराना है कि मेरे पिता श्री करूणाशंकर सिंह Alzheimer's Disease/Dementia से गंभीर रूप से ग्रस्त हैं, जिनका उपचार जनपद आगरा से ही चल रहा है।

उपरोक्त, मेरी पत्नी व मेरे पिता की शारीरिक व मानसिक दशा अत्यंत संवेदनशील व गंभीर है, जिसमें उपचार में किया गया मामूली व्यतिक्रम अथवा अनियमितता प्राणघातक सिद्ध होगा। मेरी तीन पुत्रियों व एक पुत्र भी है, जो पूर्णतः मेरे ऊपर निर्भर है।

अतः सविनय निवेदन है कि मुझे गुरूग्राम के निकटवर्ती जनपदों यथा गौतमबुद्ध नगर या गाजियाबाद अथवा चिकित्सीय दृष्टि से उन्नत जनपदों, यथा लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर नगर अथवा वाराणसी में करने की कृपा करें ताकि मैं अपने परिजनों का सुगमता पूर्वक उपचार कराते हुए, सफलतापूर्वक न्यायिक कार्य का संपादन कर सकूं।

**सादर।**

भवदीय

दिनांक–24.11.2020

DPSingh
24.11.020

**(दिनेश प्रताप सिंह)**
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–25,
आगरा।
I.D. No.-UP-1531

स्वप्रमाणित
DPSingh
24.11.020